# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

## सूचना

एतद् द्वारा सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि चार वर्षीय स्नातक सत्र 2025–29 (सी0बी0सी0एस0) प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा), में ***दिनांक– 11.08.2025*** से आरंभ होने वाली तृतीय चरण की नामांकन प्रक्रिया अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित की जाती है।

अशोक
10.8.25
**अध्यक्ष, छात्र–कल्याण**

10/8/25

# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः– छा० क०–109/25 दिनांकः– 10/08/2025

सेवा में,

**प्रधानाचार्य,**

सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,

ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः– विभिन्न पाठ्यक्रमों के नामांकन प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता के संबंध में।**

**महाशय/महाशया,**

स्नातक सत्र– 2025–29 प्रथम छमाही के तृतीय चरण नामांकन प्रक्रिया आरम्भ होने वाली है। विश्वविद्यालय के संज्ञान में आया है कि नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दौर में कतिपय महाविद्यालय में शिक्षक/कर्मचारी/असामाजिक तत्वों के गलत क्रिया–कलापों से अयोग्य अभ्यर्थी नामांकन के लिये प्रयासरत रहते हैं। इस कुकृत्य में ऑनलाईन प्रक्रिया संचालित करने वाले स्थानीय लोगों की भी संलिप्तता की संभावना है।

निदेशानुसार सूचित करना है कि ऐसे अवांछनीय गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों से महाविद्यालय को मुक्त रखते हुए मेधावी अभ्यर्थियों का नामांकन सुनिश्चित करें।

**माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।**

**विश्वासभाजन,**

अशोक 10.8.25

**अध्यक्ष, छात्र–कल्याण**

10/8/25

# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः– वि०छा०क०–107/25 दिनांकः– 10/08/2025

सेवा में,

**प्रधानाचार्य,**

सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,

ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः– चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2025–29 (सी0बी0सी0एस0) के नामांकन प्रक्रिया में गहन छानबीन एवं अभिलेख सत्यापन कोषांग गठित करने के संबंध में।**

**महाशय/महाशया,**

विषयांकित संदर्भ में सूचनीय है कि स्नातक सत्र– 2025–29, प्रथम छमाही में नामांकन के तृतीय चरण की प्रक्रिया आरम्भ होनी है। आपके महाविद्यालय के लिए आवंटित जो भी अभ्यर्थी नामांकन हेतु उपस्थित होते हैं, उनका अंक–पत्र सहित अन्य वांछित अभिलेखों की गहनता से जाँच करते हुए सत्यापन किये जाने का निर्देश पूर्व में दिया जा चुका है। विश्वविद्यालय को जानकारी मिली है कि कतिपय महाविद्यालय द्वारा इसमें शिथिलता बरती जा रही है। फलतः गलत अभ्यर्थियों के नामांकन की संभावना बन सकती है।

इस आलोक में निदेशित किया जाता है कि यदि आपके महाविद्यालय में स्नातक/स्नातकोत्तर (यदि पढ़ाई होती हो) अथवा अन्य पाठ्यक्रम में नामांकन योग्य अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन कोषांग गठित नहीं है तो अविलम्ब इसका गठन करें। पूर्व से गठित कोषांग को प्रभावी बनायें। अभिलेख सत्यापन के बाद ही नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाय। ऑनलाईन भरे आवेदन और मूल अभिलेख (विशेष रूप से अंक–पत्र) में विसंगति पाये जाने पर नामांकन के लिये अयोग्य घोषित कर अभ्यर्थी के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए विश्वविद्यालय को भी सूचित करें।

सत्यापन कोषांग के सदस्यों का नाम, मोबाईल नंबर (व्हाट्सएप प्रयोग वाला) तथा ई–मेल की जानकारी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के ई–मेल dsw@lnmu.ac.in पर दिनांक– 12.08.2025 को अपराह्ण 03:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने की कृपा करें।

**माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।**

**विश्वासभाजन,**

अशोक 10.8.25

**अध्यक्ष, छात्र–कल्याण**

10/8/25